# मध्य प्रदेश बजट 2025-26

## चर्चा में क्यों?

12 मार्च, 2025 को मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने [विधानसभा](#) में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये **4,21,032 करोड़ रुपए का बजट** पेश किया।

## मुख्य बिंदु


- **बजट के बारे में:**
  - यह बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के 3,65,067 करोड़ रुपए के अनुमान से 15% अधिक है।
  - सरकार का उद्देश्य **वर्ष 2047** तक मध्य प्रदेश के बजट को **2 ट्रिलियन** तक पहुँचाना है।
  - इस बजट में न तो कोई नया टैक्स लगाया गया है और न ही किसी मौजूदा टैक्स में बढ़ोतरी की गई है।
  - अनुमानित **राजस्व प्राप्तियाँ:** 2.90 लाख करोड़ रुपए
  - राज्य का स्वयं का **कर राजस्व:** 1.09 लाख करोड़ रुपए
  - केंद्र से प्राप्त सहायता अनुदान: 48,661 करोड़ रुपए
  - पूंजीगत व्यय में 31% की बढ़ोतरी
  - अनुमानित राजकोषीय घाटा: सकल राज्य घरेलू उत्पाद **(GSDP) का 4 प्रतिशत**


//

**बजट 2025-26 एक नजर में...** (₹ करोड़ में)


| मद | बजट अनुमान 2023-24 | बजट अनुमान 2024-25 | बजट अनुमान 2025-26 | वृद्धि(+) / कमी(-) % |
|---|---|---|---|---|
| **कुल प्राप्तियां** | **2,81,660** | **3,30,913** | **3,75,340** | **14%** |
| राजस्व प्राप्तियां | 2,25,710 | 2,63,344 | 2,90,879 | 10% |
| पूंजीगत प्राप्तियां | 55,950 | 66,849 | 84,461 | 26% |
| **कुल व्यय** | **2,81,554** | **3,26,383** | **3,75,337** | **15%** |
| राजस्व व्यय | 2,25,297 | 2,61,644 | 2,90,261 | 11% |
| पूंजीगत व्यय | 56,256 | 64,738 | 85,076 | 31% |
| **विनियोग की राशि** | **3,14,025** | **3,65,067** | **4,21,032** | **15%** |
| **राजस्व आधिक्य** | **413** | **1700** | **618** | |

9




- **मुख्य प्रावधान:**
    - बजट में **[गरीब कल्याण मशिन,]** **युवा शक्ति मशिन**, **समृद्ध कसािन समृद्ध प्रदेश** और **सशक्त नारी सशक्त प्रदेश** जैसे बदिुओं पर वशिेष ध्यान केंद्रति कयिा गया।






- **कृषि और किसानों के लिये**
  - **प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार** कर **वर्ष 2029 तक 100 लाख हेक्टेयर** तक पहुँचाने का लक्ष्य है।
  - अटल कृषि ज्योति योजना – 13,909 करोड़ रुपए
  - प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना – 447 करोड़ रुपए
  - मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना – 5,220 करोड़ रुपए
  - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना – 2,001 करोड़ रुपए
  - फसल उपार्जन बोनस भुगतान – 1,000 करोड़ रुपए
  - मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना – 850 करोड़ रुपए
  - पशुपालन और गौ-संवर्द्धन – 505 करोड़ रुपए
  - डेयरी विकास योजना – 50 करोड़ रुपए
- **गरीबों और कल्याणकारी योजनाओं हेतु**
  - अटल गृह ज्योति योजना – 7,132 करोड़ रुपए
  - कृषि पंप और बत्ती कनेक्शन पर मुफ्त बिजली – 5,299 करोड़ रुपए
  - मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना – 700 करोड़ रुपए
  - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) – 1,277 करोड़ रुपए
  - पीएम जनमन योजना (आवास) – 1,100 करोड़ रुपए
  - मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना – 100 करोड़ रुपए
  - जल जीवन मिशन के लिये 17,135 करोड़ रुपए
- **महिलाओं के उत्थान हेतु**
  - लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा।
  - लाड़ली बहना योजना के लिये बजट में 18 हजार 669 करोड़ का प्रावधान।
  - **कामकाजी महिलाओं के लिये छात्रावास निर्माण योजना** का प्रस्ताव।
  - **प्रदेश के 4 प्रमुख औद्योगिक शहरों में 5,772 बेड्स वाले हॉस्टल बनाए जाएंगे।**
  - **बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों** को कुपोषण से मुक्ति आहार अनुदान के तहत 2.20 लाख महिलाओं के खातों में **1500 रुपए** दिये जाएंगे।
  - श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता, छात्राओं को साइकिल, मुख्यमंत्री स्कूटी योजना: 26,797 करोड़ रुपए का प्रावधान।
    - **छात्राओं को साइकिल प्रदाय योजना के लिये 215 करोड़ रुपए** का प्रावधान।
- **इंफ्रास्ट्रक्चर विकास हेतु**
  - अगले **पाँच वर्षों में** 1 लाख किलोमीटर सड़कों और 500 रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) व फ्लाईओवर का निर्माण।
  - वर्ष **2025 में** 3500 किलोमीटर नई सड़कों और 70 पुलों के निर्माण का लक्ष्य।
  - प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना **के तहत 'क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण' योजना** की शुरुआत।
  - यातायात को सुगम बनाने और गांवों की कनेक्टिविटी सुधारने हेतु **100 करोड़ रुपए का प्रावधान**।
  - **मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना** के लिये 100 करोड़ रुपए का प्रावधान।
  - **शहरी क्षेत्रों में** इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।
- **शिक्षा और स्वास्थ्य के लिये**
  - **50 जनजातीय छात्रों** को उच्च शिक्षा के लिये **विदेश भेजा जाएगा**।
  - **MBBS की 400 सीटें** और **पीजी मेडिकल कॉलेज की 255 सीटें** बढ़ाई जाएंगी।
  - **11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज** स्थापित होंगे।
  - **डिजिटल यूनिवर्सिटी** की स्थापना की जाएगी।
  - **MIT (मेडिकल/टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट) की स्थापना** की जाएगी।
  - **22 नए ITI कॉलेज** खोले जाएंगे।
  - **स्वास्थ्य क्षेत्र** के लिये **23,533 करोड़ रुपए** का प्रावधान।
- **पर्यटन और सांस्कृतिक विकास**
  - **धार में डायनासोर जीवाश्म केंद्र** की स्थापना होगी।
  - **507 करोड़ रुपए से 14 स्मारकों** का निर्माण।
  - ओंकारेश्वर **में 'लोक' निर्माण**।
  - धर्म, संस्कृति और पर्यटन के लिये **1,160 करोड़ रुपए।**
  - **राम वन पथ गमन** के लिये **30 करोड़** और **श्री कृष्ण पाथेय** के लिये **10 करोड़**।
- **नगरीय और ग्रामीण विकास**
  - **नगरीय विकास के लिये 18,715 करोड़** रुपए।
  - पंचायत और ग्रामीण विकास के लिये **19,050 करोड़** रुपए।
  - सिंहस्थ 2028 के लिये **2,000 करोड़ रुपए**।
  - **मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना** के लिये **100 करोड़ रुपए।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-budget-2025-26